दिनांक 25.06.2026 को सम्पन्न हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 25 जून 2026 को भारतीय खान ब्यूरो, खान नियंत्रक (पूर्वांचल) का कार्यालय, कोलकाता के तत्वावधान में त्रैमासिक राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. पुखराज नेणिवाल, खान नियंत्रक (पूर्वांचल) एवं कार्यालय अध्यक्ष द्वारा की गई।

बैठक का शुभारंभ उपस्थित सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात श्रीमती एकता गिरि, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों तथा उनके अनुपालन की स्थिति से समिति को अवगत कराया गया।

इसके उपरांत बैठक में निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए –

1. ई-फाइलों में हिन्दी टिप्पणियाँ - कार्यालय में ई-फाइलों में हिन्दी टिप्पणियाँ लिखे जाने की प्रगति की समीक्षा की गई। इस संबंध में कार्यालय अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी में ही टिप्पणी लिखने का निर्देश दिया।

कार्रवाई हेतु : सभी पदाधिकारी

2. कार्यालय का शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में करना - पिछली बैठक में लिये गये निर्णयानुसार कार्यालय अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी ई-मेल अनिवार्य रुप से हिंदी में अथवा द्विभाषी रुप में ही भेजे जायें, जिससे राजभाषा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

कार्रवाई हेतु : सभी पदाधिकारी

3. हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन - वर्ष में 06 हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में, पिछली बैठक में लिये गये निर्णयानुसार अगली कार्यशाला अगस्त 2026 में आयोजित की जायेगी।

कार्रवाई हेतु : वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी

4. हिन्दी पत्रिका के प्रकाशन हेतु - कार्यालय की पत्रिका 'प्रगति' के प्रकाशन हेतु आलेख प्रस्तुत करने की तिथि 30 जुलाई 2026 निर्धारित की गई।

कार्रवाई हेतु : सभी पदाधिकारी

5. कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी कर्मचारियों को पारंगत का प्रशिक्षण - बैठक में श्रीमती एकता गिरि ने अवगत कराया कि मार्च, 2026 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा में राजभाषा अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर द्वारा कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी कर्मचारियों को *पारंगत* प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में कार्यालय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यालय में सीमित संख्या में कार्मिक उपलब्ध होने के कारण सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। तथापि, यदि हिन्दी शिक्षण योजना के अधिकारियों के सहयोग से कार्यालय परिसर में ही प्रशिक्षण आयोजित कराने की व्यवस्था हो सके, तो कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी कर्मचारियों को उक्त प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाएगा।

कार्रवाई हेतु : वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी

---2

Scanned with OKEN Scanner

6. डिजिटल हिन्दी पुस्तकों को बढ़ावा देना - कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी साहित्य एवं संदर्भ सामग्री सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिजिटल हिन्दी पुस्तकों (ई-बुक्स) के उपयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में कार्यालय अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि विभिन्न हिन्दी ई-पुस्तक वेबसाइटों एवं पोर्टलों को इंटरनेट ब्राउज़र में *पसंदीदा (Favourite)* साइट के रूप में जोड़ा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका आसानी से उपयोग किया जा सके।

<u>कार्रवाई हेतु : सभी अधिकारी एवं कर्मचारी</u>

बैठक का समापन - बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

<u>बैठक में उपस्थित सदस्यगण</u>

1. डॉ. सुनील कुमार झा - अधीक्षण खनन भूविज्ञानी
2. श्री बालु लाल जाट, सहायक खान नियंत्रक
3. श्री उदय कुमार पोल - सहायक खनन अभियंता
4. श्रीमती एकता गिरि - वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
5. श्री आयुष्मान गोसाईं, आशुलिपिक
6. श्री शांतनु बनर्जी - सहायक
7. श्री सौरभ दास, कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी

(डॉ. पुखराज नेणिवाल)
खान नियंत्रक (पूर्वांचल)

परिचालन : सभी अधिकारी एवं कर्मचारी

Scanned with OKEN Scanner